BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

# संवाद

संपर्क • जानकारी • सशक्तिकरण

अगस्त – 2026

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिल्ली के ऊर्जा मंत्री श्री आशीष सूद ने किया

# बीवाईपीएल की रूफटॉप सोलर पहल का शुभारंभ

### पैड-माउंटेड सबस्टेशन का भी उद्घाटन



बीएसईएस ने पूर्वी दिल्ली में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सोलराइज़ ईस्ट' (Solarize East) नामक एक सामुदायिक पहल की शुरुआत की है। इसके साथ ही, गांधी नगर जैसे अत्यधिक घनी आबादी वाले क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता को और सुदृढ़ करने के लिए 2 × 1,000 केवीए क्षमता वाले स्मार्ट एवं कम स्थान घेरने वाले पैड–माउंटेड सबस्टेशन का भी उद्घाटन किया गया।

इन दोनों परियोजनाओं का शुभारंभ माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री आशीष सूद ने किया। इस अवसर पर श्री अमल सिन्हा, निदेशक एवं ग्रुप सीईओ, बीएसईएस; श्री अभिषेक रंजन, सीईओ, बीआरपीएल; तथा श्री संतोष कुमार, सीओओ, बीवाईपीएल भी उपस्थित रहे।







प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना तथा दिल्ली सोलर नीति के अनुरूप, सोलराइज़ ईस्ट पहल उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर अपनाने की पूरी प्रक्रिया में व्यापक सहयोग प्रदान करती है। इसमें सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की जानकारी, उपयुक्त विक्रेता के चयन में मार्गदर्शन तथा सोलर सिस्टम की स्थापना तक हर चरण में सहायता शामिल है।

## सुरक्षित रहें:

### बिजली के उपकरणों के पास पतंग न उड़ाएं



भारत में पतंगबाजी, स्वतंत्रता दिवस समारोह का अभिन्न हिस्सा है। लेकिन, सामान्य सी दिखने वाली यह गतिविधि कभी–कभी खतरनाक और जानलेवा भी साबित हो सकती है। बड़े पैमाने पर हो रहे मेटल कोटेड मांझे के प्रयोग की वजह से पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति को करंट लगने का खतरा रहता है, क्योंकि मैटलिक मांझा बिजली का वाहक है। यही नहीं, इसकी वजह से इलाके की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित होने का डर रहता है।

मेटल कोटेड मांझे से ट्रिपिंग हो सकती है और करंट भी लग सकता है

अगर 33/66 केवी की सिर्फ एक ओवरहेड लाइन ट्रिप होती है, तो उससे 10 हजार लोगों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और 11 केवी की एक लाइन ट्रिप होने से 2500 लोगों की बिजली आपूर्ति पर असर पड़ सकता है।

# मानसून सुरक्षा:



### बिजली दुर्घटनाओं से बचाव के जरूरी उपाय

सभी को आनंदित करने के लिए मॉनसून एक बार फिर हाजिर है। लेकिन आनंद के साथ मॉनसून अपने साथ अलग तरह की दिक्कतें और परेशानियां भी लाता है। पानी जमा होने की वजह से करंट फैलने और बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा मॉनसून के सीजन में बढ़ जाता है। लेकिन, सामान्य सी सावधानियां अपनाकर आप अपने और अपने परिजनों के लिए मॉनसून को दुर्घटना रहित बना सकते हैं।




- बिजली के इंस्टलेशंस जैसे पोल, सब–स्टेशन, ट्रांसफॉर्मर, स्ट्रीटलाइट, आदि से दूर रहें।
- बच्चों को सावधान करें कि वे उपरोक्त इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर उन्हें बैरिकेट किया गया हों तब भी।
- बिजली के उपकरणों को गीले हाथ से न छुएं।
- एक टेस्टर घर पर रखें। अगर अपके घर का कोई स्विच या दीवार गीली हो, तो उसे न छुएं। पहले टेस्टर का इस्तेमाल करके देख लें कि कहीं कोई लीकेज तो नहीं। अगर जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।
- बिजली के झटकों व दुर्घटनाओं से बचने के लिए घर में ईएलसीबी/आरसीसीबी लगवाएं।

वॉट्सऐप सपोर्ट 8745999808 | सुविधाजनक | तुरंत | 24 x 7

8745999808 पर हमें Hi कहें और हमारी निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

**आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज करें**
- बिजली गुल
- कम वोल्टेज
- आपातकाल

**बिल और भुगतान सहायता**
- बिल देखें व भुगतान करें
- बिल विवरण
- भुगतान रसीद

Available on the App Store
Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19122



बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित